# BSF समाचार

**DEC 2022 - JAN 2023**



**अध्यक्ष**
डॉ. सुजॉय लाल थाउसेन, महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल

**मुख्य संपादक**
श्री महीपाल यादव, महानिरीक्षक

**संपादक**
श्री कृष्णा राव, जन संपर्क अधिकारी
श्री राजकुमार पाठक, सहायक जन संपर्क अधिकारी

**उप-संपादक**
उप निरीक्षक, अनुपम कुमार

**आवरण सज्जा**
आरक्षक आकाश शर्मा

**सहयोग**
निरीक्षक, संदीप कुमार
मुख्य आरक्षक गुलाब सिंह

**छायांकन**
छायाचित्र अनुभाग, बल मुख्यालय
एवं सभी सीमांतों के छायाचित्र प्रकोष्ठ



# संपादकीय



सीमा सुरक्षा बल के बहादुर प्रहरियों
जय हिंद

बल कार्मिकों की साहसिक मुहिमों, उपलब्धियों और जन–कल्याण से जुड़े उत्कृष्ट प्रयासों के चलते बीते कुछ माह बेहद विशेष रहे। सीमा सुरक्षा बल कार्मिकों की इन्ही सीमावर्ती कार्रवाईयों, राष्ट्र–रक्षा में संपादित कार्यों व विभिन्न क्रियाकलापों को स्वयं में समाहित कर द्विमासिक अंक बीएसएफ समाचार दिसंबर–जनवरी, (2022–2023) आपके समक्ष प्रस्तुत है।

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। पंजाब के पावन शहर अमृतसर में पहली बार गुरू नानक देव विश्वविद्यालय के परिसर में भव्य परेड का आयोजन 04 दिसंबर 2022 को किया गया। इस समारोह में माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री नित्यानंद राय मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित थे। इस अवसर पर आयोजित हुई भव्य परेड में, बल के विभिन्न सीमांतों के पैदल दस्ते सहित कैमल कंटिजेंट, डॉग स्क्वॉयड, हॉर्स स्क्वॉयड, आर्टिलरी, सिग्नल आदि दस्तों ने शानदार मार्चपास्ट कर समूचे विश्व को बल की ताकत व क्षमता से अवगत कराया। बल की सुप्रसिद्ध सीमा भवानी टीम ने इस मौके पर हैरतअंगेज करतब दिखाकर उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। परेड की सलामी लेने के पश्चात मुख्य अतिथि महोदय ने परेड का निरीक्षण किया और बल के शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि महोदय ने अपने दो द्विवसीय कार्यक्रम में जेसीपी अटारी सहित सीमावर्ती इलाकों का दौरा कर सीमा पोस्ट पर रात्रि विश्राम भी किया।

भारतीय पुलिस सेवा (मध्य प्रदेश काडर) के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. सुजॉय लाल थाउसेन ने बल महानिदेशक के तौर पर बल का अतिरिक्त कार्यभार संभाला। महोदय ने 3 अक्टूबर 2022 को सीआरपीएफ महानिदेशक का कार्यभार संभाला था। प्रभार लेने से पहले आप एसएसबी और आईटीबीपी के महानिदेशक के रूप में कार्य कर चुके है। अपनी कर्मठता व कार्यानुभवों से देश के बेहतरीन पुलिस अधिकारियों में शामिल महानिदेशक महोदय पूर्व में भी इस बल को अपनी सेवाएं दे चुके है। पदभार ग्रहण करने से पूर्व डॉ. सुजॉय लाल थाउसेन बल में अपर महानिदेशक (एएनओ) तथा विशेष महानिदेशक (लॉजिस्टिक्स) के पद पर आसीन थे। डॉ. सुजॉय लाल थाउसेन को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक–2005, विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक–2012, विशेष कर्तव्य पदक और अति उत्कृष्ट सेवा पदक–2021 से सम्मानित किया जा चुका है।

74वें गणतंत्र दिवस पर सीमा सुरक्षा बल के सदस्यों की शौर्यपूर्ण कार्रवाईयों और बलिदान सहित उनकी विशिष्ट एवं सराहनीय सेवाओं को मान्यता प्रदान करते हुए भारत सरकार द्वारा 59 सीमा प्रहरियों को विभिन्न पदकों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीमा सुरक्षा बल के 07 सदस्यों को 'वीरता के लिये पुलिस पदक', 05 सदस्यों को 'विशिष्ट सेवाओं के लिये राष्ट्रपति पुलिस पदक', 47 सदस्यों को 'सराहनीय सेवाओं के लिये पुलिस पदक' और 06 सदस्यों को 'जीवन रक्षा पदक' से सम्मानित किया गया।

गणतंत्र दिवस परेड के दौरान 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कर्तव्य पथ पर होने वाली परेड में पहली बार सीमा सुरक्षा बल के ऊँट दस्ते मे महिलाएं शामिल हुई। महिला ऊँट सवार दस्ता, जिसने पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर नारी सशक्तिकरण का संदेश पूरे राष्ट्र को दिया। सीमा सुरक्षा बल की कैमल बैंड ने कर्त्तव्यपथ पर प्रदर्शन कर वहां उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया और अपनी अनूठी छठा बिखेरते हुए जमकर तालियां बटोरी।

# अनुक्रमणिका


| | | |
|---|---|---|
| 1. | बल का 58वां स्थापना दिवस | – 06–08 |
| 2. | गणतंत्र दिवस में पहली बार महिला ऊँट दस्ता | – 09 |
| 3. | जांबाज टीम का लिमका बुक रिकॉर्ड | – 10–11 |
| 4. | सीमा भवानी टीम का लिमका बुक रिकॉर्ड | – 12–13 |
| 5. | लोंगेवाला के हीरो को श्रद्धाजंलि | – 14 |
| 6. | आइकॉनिक इवेंटस – 2022 | – 15 |
| 7. | बल द्वारा विभिन्न उद्घाटन समारोह | – 16–17 |
| 8. | बल महानिदेशक के दौरे | – 18–19 |
| 9. | छायाचित्र दीर्घा | – 20–21 |
| 10. | सीमांत गतिविधियां | – 22–33 |


# पदोन्नतियां

- महानिरीक्षक से अपर महानिदेशक – 01
- उप–महानिरीक्षक से महानिरीक्षक – 01
- कमांडेंट से उप–महानिरीक्षक – 01
- द्वितीय कमान अधिकारी से कमांडेट – 02
- सहायक कमांडेट से उप कमांडेट – 42
- निरीक्षक से सहायक कमांडेंट – 17
- उप–निरीक्षक से निरीक्षक – 119
- सहायक उप–निरीक्षक से उप–निरीक्षक – 105
- मुख्य आरक्षक से सहायक उप–निरीक्षक – 150
- आरक्षक से मुख्य आरक्षक – 469

## संक्रियात्मक उपलब्धियां

| क्रम संख्या | दिसंबर '22 माह में | जनवरी '23 माह में |
|---|---|---|
| बल की अनुमानित जब्ती (रूपये में) | 4,31,49,37,901 रू | 2,75,34,88,314 रू |

## हथियारों की जब्ती

| माह | हथियार | कारतूस | आई.ई.डी. |
|---|---|---|---|
| दिसंबर '22 | 18 | 229 | 01 |
| जनवरी '23 | 09 | 54 | 01 |
| कुल | 27 | 283 | 02 |

## आतंकवादियों, नक्सलवादियों सहित अपराधियों का मारा या पकड़ा जाना एवं उनका आत्मसमर्पण

| माह | मारे गए | पकड़े गए |
|---|---|---|
| दिसंबर '22 | . | 514 |
| जनवरी '23 | . | 1146 |
| कुल | . | 1660 |



# सीमा सुरक्षा बल का 58वां स्थापना दिवस

श्री के. एफ. रूस्तमजी के नेतृत्व में 01 दिसंबर 1965 को सीमा सुरक्षा बल की स्थापना की गई। अपने स्थापना से लेकर अभी तक विभिन्न आयामों को समाहित किये हुए यह बल आज दुनिया के सबसे बड़े सीमा रक्षक बल के रूप में देश की प्रथम रक्षा पंक्ति के तौर पर सीमाओं पर तैनात है। 04 दिसंबर 2022 को बल के 58वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन पहली बार पंजाब की पावन धरती अमृतसर, पंजाब में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय ने परेड की सलामी ली। इस अवसर पर भारतीय सेना, प्रशासन, राज्य पुलिस सहित अमृतसर के अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।






परेड के दौरान विभिन्न सीमाओं से आये बल के अनेक दलों ने बल की वीरगाथाओं और राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। परेड में सुशोभित अधिकारियों समेत सीमा प्रहरी तथा महिला टुकड़ी सहित कुल 12 पैदल दस्ते, प्रसिद्ध ऊँट टुकड़ी, ऊँट बैंड, घुड़सवार प्रहरी, श्वान दस्ता और संचार दल शामिल थे। परेड में बल के विभिन्न उपक्रमों की झांकी भी प्रदर्शित की गई। बल के इतिहास में पहली बार परेड के दौरान महिला ऊँट सवारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।





इस अवसर पर बल के महानिदेशक श्री पंकज कुमार सिंह ने बलिदानी वीरों को याद करते हुए बल की स्वर्णिम यात्रा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि बल ने अपने विभिन्न दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए एक बहुआयामी बल के रूप में स्वयं को स्थापित किया। विभिन्न भौगोलिक परिस्थितियों, इलाकों, तापमान और अन्य चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में बल के पुरूष व महिला प्रहरी एक साथ तैनात होकर अपनी सीमावर्ती जिम्मेदारियों को निभा रहे हैं।

मुख्य अतिथि माननीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय, ने बल के बहादुर सीमा प्रहरियों को 'वीरता के लिए पुलिस पदक' व बल के 'विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक' से बल के सेवारत और सेवानिवृत कर्मियों को सम्मानित किया। 66 बटालियन को उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित 'जनरल चौधरी ट्रॉफी' से सम्मानित किया। सीमा प्रबंधन के लिए 'महाराणा प्रताप ट्रॉफी' जम्मू सीमांत को प्रदान की गई, जबकि खेल और प्रशिक्षण में उत्कृष्टता के लिए 'अश्विनी ट्रॉफी' गुजरात सीमांत को प्रदान की गई।






समारोह में राष्ट्रीय श्वान प्रशिक्षण केंद्र, टेकनपुर से प्रशिक्षित श्वानों द्वारा एक रोमांचक डॉग शो, कैमल माउंटेड प्रहरी द्वारा युद्ध अभ्यास, सीमा भवानी ऑल–वूमेन डेयरडेविल मोटरसाईकिल टीम और जांबाज डेयरडेविल मोटरसाईकिल टीम द्वारा हैरतंगेज डेयरडेविल मोटरसाईकिल शो ने दर्शकों से जमकर सराहना हासिल की। परेड के दौरान फ्लोटिंग बीओपी का प्रर्दशन वाटर विंग तथा साहसिक प्रशिक्षण गतिविधियों को BIAAT द्वारा प्रदर्शित किया गया। गुरू नानक देव यूनिवर्सिटी के छात्र तथा छात्राओं द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रदर्शित किया गया।



समारोह में मुख्य अतिथि ने संबोधन में परेड के शानदार प्रदर्शन और सीमा सुरक्षा बल के द्वारा पवित्र शहर अमृतसर में स्थापना दिवस परेड कार्यक्रम आयोजित करने के निर्णय को सराहा। राष्ट्ररक्षा में बलिदान देने वाले बल के बहादुर प्रहरियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विभिन्न घटनाओं मे बल की भूमिकाओं को याद किया।



# TOP TWEETS ON BSF'S RAISING DAY



# गणतंत्र दिवस परेड में पहली बार महिला ऊँट दस्ता

74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर गणतंत्र दिवस परेड के दौरान कर्तव्य पथ के पारंपरिक मार्ग विजय चौक से लाल किले तक बल के ऊँट सवार दस्ते ने मार्च पास्ट किया, इस भव्य परेड में पहली बार सीमा सुरक्षा बल के ऊँट दस्ते में महिलाओं को शामिल किया गया, जिसने पुरूष ऊँट सवार दस्ते के साथ कंधे से कंधा मिलाकर नारी सशक्तिकरण का संदेश पूरे राष्ट्र को नहीं अपितु पूरे विश्व को दिया। सीमा सुरक्षा बल का ऊँट दस्ता सन् 1976 से गणतंत्र दिवस परेड में निरंतर भाग ले रहा है।





इस गणतंत्र दिवस के अवसर पर ऊँट दस्ते का नेतृत्व श्री एम एस खींची, उप कमांडेंट ने किया, जिसके साथ पहली बार 12 महिला ऊँट सवार सोनल, निशा, भगवती, अंबिका, कुसुम, प्रियंका, कौशल्या, काजल, भावना और हिना ने सम्मिलित रूप से भाग लिया जिसको दर्शकों से काफी सराहना मिली। कर्तव्य पथ पर नारी शक्ति और स्वदेशी थीम पर आयोजित भव्य परेड में बल के कैमल कंटिजैंट और कैमल माउंटेड बैंड ने कुल 90 ऊँट सवारों के साथ सम्मिलित रूप से शामिल था। इससे पहले बल के स्थापना दिवस पर अमृतसर में भी महिला ऊँट दस्ते ने शानदार प्रदर्शन से 'रेगिस्तान के जहाज' की शक्ति से दर्शकों को परिचित करवाया था।





गणतंत्र दिवस के अवसर पर बल महानिदेशक डॉ. सुजॉय लाल थाउसेन ने कहा कि यह प्रदर्शन हमारी महिला कर्मियों की बढ़ती भूमिका का सूचक है। सीमा सुरक्षा बल देश का एकमात्र ऐसा बल है, जिसमें आपरेशनल और सेरेमोनियल दोनों कार्यों के लिए ऊँटों का उपयोग किया जाता है। भारत–पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर रेगिस्तान में गश्त लगाने के लिए बल कर्मियों द्वारा इनका उपयोग किया जाता है।

# जंबाज टीम का लिमका बुक रिकॉर्ड



सीमा सुरक्षा बल की जांबाज टीम का गठन सन् 1990 में हुआ था, तब से लेकर आज तक यह टीम सीमा सुरक्षा बल अकादमी, टेकनपुर (ग्वालियर) के केंद्रीय मोटर प्रशिक्षण विद्यालय के कमान अधिकारी व प्रशिक्षकों की देखरेख में अपना प्रशिक्षण पूरा करके विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होती है। पिछले 28 सालों में इस टीम ने गणतंत्र दिवस परेड सहित अन्य कई कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुतियों से अपार ख्याति बटोरी है। आर. के. वाधवा स्टेडियम तथा आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस वे पर टीम ने अलग अलग इवेंटस् में लिमका बुक रिकॉर्ड के इतिहास में नये–नये कीर्तिमान स्थापित किये।



नई दिल्ली के आर. के. वाधवा परेड ग्रांऊड में 350 सीसी मोटरसाईकिल पर निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह तथा आरक्षक सुधाकर यादव ने 12 फीट 9 इंच की सीढ़ी पर एक साथ सवार होकर कुल 81.5 किलोमीटर की दूरी 02 घंटे 21 मिनट 48 सेकेंड में तथा अकेले सीढ़ी पर पीछे की तरफ खड़े होकर 174.1 किलोमीटर की दूरी 05 घंटे 26 मिनट 03 सेकेंड में तय करके रिकॉड दर्ज अपने नाम करवाया।

निरीक्षक विश्वजीत भाटिया ने मोटरसाईकिल पर लेटकर 70.2 किलोमीटर की दूरी 02 घंटे 06 मिनट 17 सेकेंड में तथा मोटरसाईकिल पर एकतरफा सवार होकर 100.9 किलोमीटर की दूरी 02 घंटे 45 मिनट 23 सेकेंड में तय करके कीर्तिमान अपने नाम किया।





आरक्षक प्रोसेनजीत नारायण देव ने लखनऊ एक्सप्रेस वे पर रॉयल इनफिल्ड मोटरसाईकिल पर खड़े होकर 59.1 किलोमीटर की दूरी 01 घंटा 40 मिनट 06 सेकेंड में तय करके लिमका बुक रिकॉर्ड अपने नाम किया और बल के सम्मान में नए कीर्तिमान स्थापित किये।

## Janbaz Team (Male Team)

| Srl No. | Name of event | Name of participant | Date and time of record | Time duration | | | Distance covered | Participating Categories |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Hrs | Min | Sec | | |
| 01 | Longest ride of two personnel on top of 12 fit 09 inch ladder mounted on Royal Enfield 350 CC (Group Event) | Inspector Awadhesh Kumar Singh and Constable Sudhakar Yadav | 16/12/2022 (1036 to 1258 hrs) | 02 | 21 | 48 | 81.5 Kms | Standing on a structure – Group |
| 02 | Laying position on seat on Royal Enfield 350 CC (Solo Event) | Inspector Vishwajeet Bhatia | 16/12/2022 (1552 to 1758 hrs) | 02 | 06 | 17 | 70.2 Kms | Sitting (Upside) sideways on bike – Solo |
| 03 | Longest standing ride on Fuel Tank of Royal Enfield 350 CC (Solo Event) | Constable Prosenjit Narayan Deb | 19/12/2022 (1414 to 1554 hrs) | 01 | 40 | 06 | 59.1 Kms | Standing anywhere on bike – Solo |
| 04 | Longest standing back riding on 12 feet 10 inch pole facing backward on Royal Enfield 350 CC (Solo Event) | Inspector Awadhesh Kumar Singh | 21/12/2022 (1106 to 1632 hrs) | 05 | 26 | 03 | 174.1 Kms | Standing backwards – Solo & Standing on a structure – Solo |
| 05 | Longest ride on one side foot rest in standing position on Royal Enfield 350 CC (Solo Event) | Inspector Vishwajeet Bhatia | 28/12/2022 (1145 to 1430 hrs) | 02 | 45 | 23 | 100.9 Kms | Standing anywhere on bike – Solo |

# सीमा भवानी का लिमका बुक रिकॉर्ड

देश की सीमाओं की रक्षा करने वाली सीमा सुरक्षा बल हर क्षेत्र में महिलाओं को समान अवसर प्रदान करती है। सीमा भवानी टीम देश में ही नहीं पूरी दुनिया में अपने मोटर साइकिल करतबों के लिए जानी जाती है। प्रतिवर्ष बल के सम्मान में चार चाँद लगाकर बल को शीर्ष स्थान पर ला खड़ा किया है। सीमा भवानी की टीम कैप्टन निरीक्षक हिमांशु सिरोही के नेतृत्व में उनके साथ 38 महिला राईडर्स ने 350 सीसी की 09 रॉयल इन्फील्ड मोटरसाईकिल पर





सवार होकर कर्त्तव्य पथ से विजय चौक तक मानव पिरामिड की संरचना बनाते हुए 1.3 किलोमीटर का सफर 02 मिनट 10 सेकेंड में तय करके नया कीर्तिमान स्थापित किया।

नई दिल्ली के आर. के. वाधवा परेड ग्राउंड में निरीक्षक हिमांशु सिरोही ने मोटरसाईकिल पर खड़ी होकर लगातार 06 घंटे 03 मिनट 03 सेकेंड में 178.6 किलोमीटर की दूरी तय करके लिमका बुक में रिकॉर्ड दर्ज करवाया।





महिला आरक्षक राजविंदर सिंह ने छावला स्थित परेड ग्राउंड में मोटरसाईकिल पर पीछे की तरफ बैठकर 32.2 किलोमीटर की दूरी 01 घंटा 02 मिनट 55 सेकेंड में तय की। वहीं महिला आरक्षक उषा देवी ने चलते बाईक पर व्यायाम व योगा अभ्यास करते हुए 67.1 किलोमीटर की दूरी 02 घंटे 26 मिनट 21 सेकेंड में तय करके रिकॉड दर्ज कराया।

महिला आरक्षक शताब्दी धर ने बाईक पर 09 फीट 06 इंच लंबी सीढ़ी पर खड़े होकर बिना रूके 76.8 किलोमीटर की दूरी 02 घंटे 26 मिनट 21 सेकेंड में तय की। महिला आरक्षक सुमिता सिकदर ने मोटरसाईकिल पर लगी 16 इंच ऊँची कुर्सी के ऊपर बैठकर 68.4 किलोमीटर दूरी 03 घंटे 06 मिनट 58 सेकेंड में तय करके बल का नाम रोशन किया।

महिला आरक्षक अनुपम कुमारी ने 350 सीसी की मोटरसाईकिल पर एकतरफ बैठकर संतुलन बनाते हुए 01 घंटा 11 मिनट 38 सेकेंड में 33.3 किलोमीटर का सफर बिना रूके तय करके कीर्तिमान स्थापित किया।

लिमका बुक रिकॉर्ड में कीर्तिमान हासिल करने वाली सीमा भवानी और जांबाज टीम को श्री पंकज कुमार सिंह, बल महानिदेशक ने उनके सराहनीय कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी।




## Seema Bhawani (Female Team)

| Srl No. | Name of event | Name of participants | Date and time of record | Time duration | | | Distance covered | Participating Categories |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Hrs | Min | Sec | | |
| 01 | Standing ride on side bracket of Royal Enfield 350 CC (Solo Event) | Inspector/Mahila Himanshu Sirohi | 24/12/2022 (1111 to 1714 hrs) | 06 | 03 | 03 | 178.6 Kms | Standing anywhere on bike – Solo |
| 02 | Mobile PT by standing on side bracket of Royal Enfield 350 CC (Solo Event) | Const/Mahila Usha Devi | 26/12/2022 (1156 to 1423 hrs) | 02 | 26 | 21 | 67.1 Kms | Standing anywhere on bike – Solo |
| 03 | Standing on ladder 09 fit 06 inch Mounted of Royal Enfield 350 CC (Solo Event) | Constable/Mahila Satabdi Dhar | 26/12/2022 (1443 to 1714 hrs) | 02 | 33 | 44 | 76.8 Kms | Standing on a structure – Solo |
| 04 | Womens moving pyramid of 39 womens bikers on 09 Motor Cycle Royal Enfield 350 CC (Group Event) | Ct (Mahila) Shruti Avarolli, Sangeeta Kumari, Chandra Mouli Pandey, Mita Hansda, K M Sheenu, Kumudinee Toppo, Amanda Lakra, Rekha Narvariya & K M Pallavi Saroj | 27/12/2022 (1044 to 1046:10 hrs) | 00 | 02 | 10 | 1.3 Kms | Human pyramids on bikes – Group |
| 05 | Side riding of Royal Enfield 350 CC (Solo Event) | Constable/Mahila Anupam Kumari | 27/12/2022 (1341 to 1455 hrs) | 01 | 11 | 38 | 33.3 Kms | Sitting sideways on bike – Solo |
| 06 | Back riding on Royal Enfield 350 CC (Solo Event) | Constable/Mahila Rajwinder Kaur | 28/12/2022 (1438 to 1541 hrs) | 01 | 02 | 55 | 32.3 Kms | Sitting backwards – Solo |
| 07 | Sitting on chair 16 inch mounted on Royal Enfield 350 CC (Solo Event) | Constable/Mahila Sumita Sikdar | 29/12/2022 (1118 to 1424 hrs) | 03 | 06 | 58 | 68.4 Kms | Sitting on structure – Solo |

# लोंगेवाला के हीरो भैरों सिंह राठौड़ को श्रद्धांजलि

भारत–पाकिस्तान युद्ध 1971 के दौरान लोंगेवाला पोस्ट की रक्षा करने वाली टुकड़ी के अहम सदस्य और वॉर हीरो के तौर पर विख्यात लांस नायक (सेवानिवृत) भैरों सिंह राठौड़ का जोधपुर में 19 दिसंबर 2022 को 81 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री श्री अमित शाह सहित अन्य वरिष्ठ जनों ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी।





लोंगेवाला युद्ध पर बनी फिल्म बॉर्डर में उनका किरदार प्रसिद्ध अभिनेता सुनील शेट्टी ने निभाया था। साल 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध के दौरान विश्व प्रसिद्ध लोंगेवाला की लड़ाई में वह अपनी बहादुरी के दम पर दुश्मन के सैनिकों पर काल बन कर टूट पड़े थे। उन्हें 1972 में सेना मेडल से भी सम्मानित किया गया था। श्री राठौड़ को कई अन्य सैन्य सम्मानों और असैन्य पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जा चुका है। 1971 युद्ध के दौरान 14वीं बटालियन में तैनात श्री भैरों सिंह राठौड़ 1987 में सेवानिवृत्त हुए। पूरा हिंदुस्तान उन्हें लोंगेवाला के हीरो के तौर पर जानता है।







बल महानिदेशक और सभी रैंक ने 1971 की लड़ाई में लोंगेवाला युद्ध के हीरो, लांस नायक (सेवानिवृत) भैरों सिंह राठौड़ को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी बहादुरी, जज्बे और कर्तव्य के प्रति निष्ठा को सलाम किया। प्रहरी परिवार इस कठिन घड़ी में उनके परिवार के साथ खड़ा है।

# आईकॉनिक इवेंट्स 2022

"आजादी का अमृत महोत्सव" के तहत आइकॉनिक इवेंट्स सप्ताह मनाने के लिए दिनांक 19.01.2023 को सीमा सुरक्षा बल द्वारा गुजरात के हरिपुरा, बारडोली और सूरत में विभिन्न कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए गए।






सर्वप्रथम बी.एस.एफ बैंड की धुन पर एक मार्चिंग दल द्वारा जिसमें सीमा सुरक्षा बल की व गुजरात पुलिस की 10 अन्य टुकड़ियों, एन.सी.सी, स्कूली बच्चे और स्वयंसेवी शामिल थे। मार्च पास्ट के बाद बारडोली कॉलेज में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कुंवर जी भाई हलपति, राज्य मंत्री, गुजरात सरकार ने सर्वप्रथम नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। स्कूलों के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी, बी.एस.एफ. बैंड द्वारा मनमोहक प्रस्तुति और मुख्य अतिथि द्वारा साइकिल रैली को झंडा दिखाकर रवाना करना कार्यक्रम के मुख्य आर्कषण केन्द्र रहे।






कार्यक्रम में सीमा सुरक्षा बल की हथियार प्रदर्शनी, पुरस्कार वितरण समारोह, गुजरात, ओडिशा, मणिपुर, नागालैंड और पश्चिम बंगाल की संस्कृति को दर्शाते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। उक्त कार्यक्रम को देखने के पश्चात् वहाँ उपस्थित दर्शकों ने बड़े गर्मजोशी से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

# प्रहरी ऐप का लोकार्पण

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री माननीय श्री अमित शाह ने 29 दिसंवर 2022 को नई दिल्ली में सीमा सुरक्षा बल का मोबाईल एप 'प्रहरी' लांच किया। इस अवसर पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय, बल के महा. निदेशक श्री पंकज कुमार सिंह तथा कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। श्री अमित शाह ने कहा कि 'प्रहरी' ऐप एक्टिव गवर्नेंस का बेहतरीन उदाहरण है।




सीमा सुरक्षा बल के सभी जवानों को सुविधा के लिए प्रहरी ऐप का संचालन किया गया, जिसे BSF, IT Wing द्वारा




गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध कराया गया। इस मोबाइल ऐपलीकेशन के माध्यम से बल के कर्मचारियों की व्यक्तिगत और सेवा संबंधित जानकारी जैसे आवास, आयुष्मान, भर्ती, अवकाश एवं CAPF संबंधित सभी प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते है।

सेंट्रलाइज्ड पब्लिक ग्रीवेंस रिड्रेस एंड मॉनिटरींग सिस्टम **(CPGRAMS)** द्वारा शिकायतों व समस्याओं का निवारण इत्यादि भी हो सकता है। बल के कर्मचारी इस ऐपलीकेशन के द्वारा गृह मंत्रालय के पोंटल से जुड़ सकते है। साथ ही इस अवसर पर सीमा सुरक्षा बल के 13 मैनुअलों के संसोधित संस्करण का लोकार्पण किया गया।

# 'बी एस एफ पार्क सम' का उद्घाटन

सीमावर्ती पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 21 दिसंबर 2022 को जैसलमेर मे सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक श्री पंकज कुमार सिंह ने 'बीएसएफ पार्क सम' का उद्घाटन किया। भारत–पाकिस्तान की सीमा से पर्यटकों को अवगत कराने के लिए सीमा का प्रारूप प्रहरियों द्वारा तैयार किया गया है। दस एकड़ तक फैला यह सम पार्क पर्यटन, सीमावर्ती पोस्ट, तारबंदी, बंकर, मोर्चा, हथियारों की प्रदर्शनी के लिए लगाया गया।




फोटो गैलरी, आडियो तथा डाक्यूमेंट्री फिल्मों द्वारा 1965 से अब तक जवानों के शौर्य की कहानी पर्यटकों को बताई जायेगी। सीमावर्ती पोस्टों पर जवानों के रहन–सहन, प्रतिदिन के क्रियाकलापों तथा दिनचर्या की जानकारी प्राप्त कर सकते है। बच्चों के मनोरंजन के लिए शिशु उद्यान का निर्माण किया गया है जिसमें ऊँट की सवारी का लुफ्त भी उठा सकते है।

# अटारी ऐप का लोकार्पण


अमृतसर में भारत और पाकिस्तान के बीच अटारी–वाघा सीमा की संयुक्त चेक पोस्ट पर रिट्रीट समारोह परेड के लिए दुनिया भर के पर्यटकों के लिए टिकट बुक करने की प्रक्रिया को सरल करने हेतु सीमा सुरक्षा बल ने मोबाइल ऐप लॉन्च किया। बल के महानिदेशक डॉ सुजॉय लाल थाउसेन ने मोबाइल ऐप लॉन्च किया, जिसने इस साल से कार्य करना शुरू कर दिया है। दिसंबर में सीमा सुरक्षा बल द्वारा आगंतुकों के लिए एक वेबसाइट की शुरूआत श्री पंकज कुमार सिंह ने की थी।





यह ऐपलीकेशन पंजाब सीमांत द्वारा विकसित की गई है, ताकि आगंतुकों को अपने मोबाइल फोन से सीट बुक करने की सुविधा प्रदान की जा सके। ऐप में वेबसाइट attari.bsf.gov.in की सभी विशेषताएं हैं और रिट्रीट समारोह के समय, स्थान और आसपास के पर्यटन स्थलों के लिए एक लिंक जैसी बुनियादी जानकारी शामिल है। समारोह की शुरूआत प्रतिदिन दोपहर 3.30 बजे होती है और हर दिन लगभग 20,000 लोग इसे देखने आते हैं।

## पंडित गोविंद वल्लभ पंत पुरस्कार योजना 2022–2023




पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा पुलिस, कारागार एवं न्यायालयिक विज्ञान से संबंधित विषयों पर हिंदी में पुस्तक लेखन को प्रोत्साहित करने के लिए चलाई जा रही पंडित गोविंद वल्लभ पंत पुरस्कार योजना के अंतर्गत वर्ष 2022–23 के लिए दिनांक 31 मार्च, 2023 तक प्रविष्टियां आमंत्रित की गई थी। इस योजना के अंतर्गत मूल प्रकाशित पुस्तकों पर पाँच पुरस्कार तीस–तीस हजार रूपये के जिनमें एक पुरस्कार महिलाओं के लिए आरक्षित है तथा दो पुरस्कार चौदह–चौदह हजार रूपये के अनूदित/मुद्रित पुस्तकों के लिए जिसमें एक पुरस्कार महिलाओं के लिए आरक्षित है, प्रदान किए जाते है। इसके अतिरिक्त दो पुरस्कार चालीस–चालीस हजार रूपये के हैं जिसके लिए रूप रेखाएं आमंत्रित हैं। रूप रेखाएं "नए नए अपराध, डार्कवेब, क्रिप्टोकरेंसी से अपराध एवं समाधान" विषय पर तथा "नागरिक केन्द्रीत पुलिसिंग में सोशल मीडिया की उपयोगिता एवं चुनौतियां" विषय पर आमंत्रित है। अधिक जानकारी के लिए कृप्या संपादक हिंदी, पुलिस अनसंधान एवं विकास ब्यूरो, गृह मंत्रालय, राष्ट्रीय राजमार्ग–8, महिपालपुर, नई दिल्ली – 110037 से संपर्क करें। विस्तृत जानकारी ब्यूरो की वेबसाइट www.bprd.nic.in पर उपलब्ध है।

# महानिदेशक का दक्षिण बंगाल दौरा





दक्षिण बंगाल सीमांत दौरे पर बल महानिदेशक, श्री पंकज कुमार सिंह से बातचीत करते श्री राजविंदर सिंह भट्टी, अपर महानिदेशक व अधिकारीगण।

सीमांत मुख्यालय का निरीक्षण करते हुए महानिदेशक महोदय व मौजूद अन्य अधिकारीगण।





दक्षिण बंगाल सीमांत के अंतर्गत कोलकाता कैंपस में नवनिर्मित 240 जवान बैरक का उद्घाटन करते श्री पंकज कुमार सिंह, बल महानिदेशक व मौजूद श्री राजविंदर सिंह भट्टी अपर महानिदेशक, श्री अतुल फुलजेले, महानिरीक्षक, दक्षिण बंगाल सीमांत व अन्य अधिकारीगण।






दक्षिण बंगाल सीमांत दौरे के दौरान आपरेशनल गतिविधियों की जानकारी देते अधिकारी तथा मौजूद अधिकारियों संग मंत्रणा करते श्री पंकज कुमार सिंह, बल महानिदेशक ।

# महानिदेशक का राजस्थान दौरा






राजस्थान दौरे के दौरान बीएसएफ पार्क का उद्घाटन करते श्री पंकज कुमार सिंह, बल महानिदेशक तथा मौजूद श्री पी वी रामाशास्त्री, अपर महानिदेशक, पश्चिम कमान चंडीगढ़ व श्री डेविड ललरिनसांगा, महानिरीक्षक, राजस्थान सीमांत।



'बीएसएफ पार्क सम' में फोटो गैलरी में भ्रमण करते बल महानिदेशक व अन्य अधिकारीगण।




'बीएसएफ पार्क सम' का निरीक्षण करते श्री पंकज कुमार सिंह, बल महानिदेशक।



जैसलमेर के तनोट स्थित विजय स्तंभ पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते बल महानिदेशक।



संयुक्त छायाचित्र के दौरान बल महानिदेशक व मौजूद अधिकारीगण।

# छायाचित्र दीर्घा



डॉ सुजॉय लाल थाउसेन को बल महानिदेशक का पदभार सौंपते पूर्व महानिदेशक श्री पंकज कुमार सिंह।



छावला कैंप मे आयोजित महानिदेशक विदाई समारोह के दौरान परेड का निरीक्षण करते श्री पंकज कुमार सिंह, बल महानिदेशक।



बल मुख्यालय में पदभार ग्रहण के पश्चात् गार्ड का निरीक्षण करते डॉ सुजॉय लाल थाउसेन, महानिदेशक।



तीरंदाजी और योगा की विजेता टीम के साथ संयुक्त छायाचित्र में श्री राजाबाबू सिंह, महानिरीक्षक (प्रशिक्षण)।



बल मुख्यालय में आयोजित राजभाषा बैठक की अध्यक्षता करते श्री पंकज घूमर, अपर महानिदेशक (लाजिस्टिक्स)।



सूचना प्रौद्योगिकी मे इंटर फ्रंटियर प्रतियोगिता मे जम्मू सीमांत की विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते श्री पंकज घूमर, अपर महानिदेशक (लाजिस्टिक्स)व अन्य अधिकारीगण।

# छायाचित्र दीर्घा




नववर्ष समारोह के अवसर पर डॉ. सुजॉय लाल थाउसेन, बल महानिदेशक को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करते हुए श्री वाई बी खुरानिया, अपर महानिदेशक।



बल मुख्यालय मे आयोजित 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर बल कार्मिकों को शपथ दिलाते श्री वाई बी खुरानिया, अपर महानिदेशक।



माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री निसिथ प्रमाणिक से शिष्टाचार मुलाकात करते डॉ. सुजॉय लाल थाउसेन, बल महानिदेशक।



सफदरजंग एयरपोर्ट पर कार्मिकों से ऑपरेशनल गतिविधियों की जानकारी के दौरान अधिकारियों से मुलाकात करते हुए श्री एस रवि वृद्धाचलम, एयर वाइस मार्शल।





आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत बूंदी (राजस्थान) मे सीमा सुरक्षा बल अमृत महोत्सव शौर्य प्रदर्शन कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष माननीय श्री ओम बिरला मुख्य अतिथि का स्वागत करता स्वान। इस कार्यक्रम के दौरान सीमा भवानी टीम, चेतक ड्रिल, गजराज ड्रिल, डॉग स्क्वाड और बैंड का प्रदर्शन किया गया।

## सीमांत गतिविधियां

## कश्मीर सीमांत



कश्मीर दौरे के दौरान जवानो से बातचीत करते श्री अशोक यादव, महानिरीक्षक।



अग्रिम सीमावर्ती पोस्ट पर भ्रमण के दौरान बल कार्मिकों से बातचीत करते हुए श्री अशोक यादव, महानिरीक्षक।



74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण करते श्री अशोक यादव, महानिरीक्षक।



सहायक प्रशिक्षण केंद्र, उधमपुर के दौरे के दौरान बल कार्मिकों से हाथ मिलाते श्री अशोक यादव, महानिरीक्षक।



कश्मीर सीमांत के अंतर्गत 91 बटालियन द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर मे चिकित्सकों ने सीमावर्ती लोगों की स्वास्थ्य जॉच की तथा उपचार हेतु मुफ्त दवाओं का वितरण किया गया।

# जम्मू सीमांत



74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण पश्चात् जवानों को मिठाई देते श्री डी. के. बूरा, महानिरीक्षक, जम्मू सीमांत।




45वे इंटर फ्रंटियर हॉकी चैम्पियनशिप में जम्मू सीमांत की विजेता टीम को बधाई देते श्री डी. के. बूरा, महानिरीक्षक, जम्मू सीमांत।



कबड्डी प्रतियोगिता 2022 में प्रथम स्थान हासिल करने पर जम्मू सीमांत की विजेता टीम को बधाई देते श्री डी. के. बूरा, महानिरीक्षक।



गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारत–पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर मिठाइयों का आदान–प्रदान करते दोनों देश के प्रहरी।



जम्मू सीमांत के अंतर्गत सीमावर्ती स्कूल में आयोजित शस्त्र प्रदर्शनी के दौरान मौजूद स्कूली बच्चे।



रामगढ़ में आयोजित सिविक एक्सन प्रोग्राम के तहत मुफ्त चिकित्सा शिविर के दौरान जरूरतमंदों को दवा देते बल के चिकित्सक।

# पंजाब सीमांत



सेक्टर मुख्यालय, अमृतसर के संयुक्त चेकपोस्ट अटारी पर ध्वजारोहण के पश्चात् सलामी लेते श्री संजय गौड़, उप महानिरीक्षक।



जेसीपी अटारी पर गार्ड को मिठाई देते हुए श्री संजय गौड़, उप महानिरीक्षक।



अमृतसर दौरे के दौरान माननीय केंद्रीय गृहराज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय जेसीपी अटारी पर परेड के दौरान सलामी लेते हुए।




22 बटालियन की सीमा चौकी पुलमोरा में आयोजित सीमा प्रहरी सम्मेलन में बल कार्मिकों को संबोधित करते हुए श्री नित्यानंद राय, केंद्रीय गृहराज्य मंत्री।



पंजाब सीमांत के जांबाज सीमा प्रहरियों ने देश विरोधी तत्वों की नापाक कोशिश को विफल करते हुए प्रतिबंधित हेरोइन, हथियार तथा 9एमएम पिस्टल के राउण्ड पकड़े।

# राजस्थान सीमांत



श्री डेविड ललरिनसांगा, महानिरीक्षक से राजस्थान सीमांत का पदभार ग्रहण करते श्री पुनीत रस्तोगी, महानिरीक्षक।



माननीय गृह राज्य मंत्री, श्री नित्यानंद राय के राजस्थान सीमांत दौरे के दौरान संयुक्त छायाचित्र में अधिकारीगण तथा जवान।



74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सीमांत मुख्यालय जोधपुर में राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हुए श्री पुनीत रस्तोगी, महानिरीक्षक।



114 बटालियन की सीमाचौकी 'संग्रामपुर' के सीमावर्ती इलाके से बरामद हेरोइन के पैकेट के साथ सीमा प्रहरी।



77 बटालियन के मुख्यालय 'श्रीकरणपुर' में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करते हुए बल के कार्मिक।



जोधपुर से कोटा तक देशभक्ति तथा बंधुत्व का संदेश फैलाने के लिए मोटरसाईकिल रैली को रवाना करते श्री एम बी खान, उप महानिरीक्षक।

# गुजरात सीमांत



गुजरात के राज्यपाल माननीय श्री आचार्य देवव्रत से शिष्टाचार मुलाकात के दौरान स्मृति चिन्ह भेंट करते श्री रवि गांधी, महानिरीक्षक।




74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण पश्चात् गार्ड को मिठाई देते श्री रवि गांधी, महानिरीक्षक।



93 बटालियन द्वारा आयोजित शस्त्र प्रदर्शनी में आए स्कूली छात्रों को हथियारों की जानकारी देते बल कार्मिक।



नाडाबेट रीट्रीट सेरेमनी में अपनी मार्च पास्ट के दौरान त्रुटिहीन चाल से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करते सीमा प्रहरी।




आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के दौरान नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 126वीं जयंती पर रक्तदान करते सीमा प्रहरी।



गणतंत्र दिवस के अवसर पर गुजरात सीमांत के अंतर्गत बाड़मेर में भारत–पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर मिठाइयों का आदान–प्रदान करते दोनों देश के प्रहरी।

# साउथ बंगाल सीमांत




गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण पश्चात् बल कार्मिकों को बधाई देते श्री अतुल फुलजेले, महानिरीक्षक, दक्षिण बंगाल सीमांत।



गणतंत्र दिवस 2023 के अवसर पर बल द्वारा कुपिला सम्मेलन संघ के सहयोग से आयोजित वॉलीबॉल टूर्नामेंट में विजेता प्रतिभागी टीम ट्रॉफी के साथ।



दक्षिण बंगाल सीमांत दौरे के दौरान अधिकारियों से ऑपरेशनल गतिविधियों की जानकारी लेती सुश्री सोनाली मिश्रा, अपर महानिदेशक।




सीमा चौकी 'गंधहीना' में आयोजित बीएसएफ–बीजीबी क्षेत्रीय कमांडर सम्मेलन के दौरान विभिन्न सीमा पार अपराध मुद्दों पर चर्चा करते दोनों प्रतिनिधिमंडलों के अधिकारीगण।



145 बटालियन द्वारा सीमावर्ती इलाके से पकड़े गए तस्कर से बरामद सोने के बिस्किट के साथ सीमा प्रहरी।



145 बटालियन के संयुक्त चेक पोस्ट पेट्रापोल से पकड़े गए तस्कर से बरामद 8.30 किलोग्राम सोने के बिस्किट के साथ सीमा प्रहरी।

# उत्तर बंगाल सीमांत



74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण पश्चात् सलामी लेते श्री अजय सिंह, महानिरीक्षक।



उत्तर बंगाल दौरे के दौरान आईसीपी फूलबाड़ी पर बीजीबी क्षेत्रीय कमांडर से शिष्टाचार मुलाकात करते श्री सतीश चंद्र बुधाकोटी, महानिरीक्षक (पूर्वी कमान)।




सीमांत मुख्यालय कदमतला द्वारा आयोजित इंटर फ्रंटियर प्लाटून वेपन शूटिंग प्रतियोगिता के दौरान विजेताओं के साथ अधिकारीगण।




जोयपुरहाट, बांग्लादेश में बीजीबी द्वारा आयोजित बीएसएफ–बीजीबी मैत्री फुटबॉल मैच के दौरान खिलाड़ियो के साथ अधिकारीगण।




72 बटालियन के सीमावर्ती क्षेत्र से पकड़े गये तस्कर से बरामद फेंसिडिल के साथ सीमा प्रहरी।




15 बटालियन की सीमा चौकी 'पठानपाड़ा' से पकड़े गये 05 बांग्लादेशी घुसपैठियों के साथ सीमा प्रहरी।

# गुवाहाटी सीमांत




74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण करते श्री कमलजीत सिंह बन्याल, महानिरीक्षक।



गणतंत्र दिवस के अवसर पर गुवाहाटी सीमांत मुख्यालय में जवानों को मिठाई देते श्री के एस बन्याल, महानिरीक्षक।



31 बटालियन के सीमावर्ती इलाके से पकड़े गये तस्कर से बरामद प्रतिबंधित 7800 याबा टेबलेट के साथ सीमा प्रहरी।



138 बटालियन के सीमावर्ती इलाके से बरामद प्रतिबंधित फेंसिडिल और गांजा के साथ सीमा प्रहरी।



138 बटालियन द्वारा आयोजित शस्त्र प्रदर्शनी में आए स्कूली छात्रों को हथियारों की जानकारी देते बल कार्मिक।



45 बटालियन के सीमावर्ती इलाके से पकड़े गये तस्कर से बरामद प्रतिबंधित याबा टेबलेट के साथ सीमा प्रहरी।

# मेघालय सीमांत




मेघालय सीमांत का पदभार श्री प्रदीप कुमार, महानिरीक्षक को बैटन देकर सौपतें श्री इंद्रजीत सिंह राणा, महानिरीक्षक।




04 बटालियन के परिसर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते श्री प्रदीप कुमार, महानिरीक्षक, मेघालय सीमांत।



गणतंत्र दिवस के अवसर पर बल ने मेघालय की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर विभिन्न स्थानों पर बीजीबी को मिठाइयां भेंट करते सीमा प्रहरी।




110 बटालियन की सीमा चौकी 'रेंगक्यू' के सीमावर्ती इलाके से जब्त 26 लाख रुपये मूल्य की सुपाड़ी के साथ सीमा प्रहरी।



04 बटालियन के सीमावर्ती इलाके से जब्त 22 लाख रुपये मूल्य की साड़ियों के साथ सीमा प्रहरी।



04 बटालियन के सीमावर्ती इलाके से जब्त 24 लाख रुपये मूल्य की साड़ियों के साथ सीमा प्रहरी।

# मिजोरम और कछार सीमांत



स्वच्छ भारत अभियान के तहत मिजोरम एवं कछार सीमांत के अधिकारी और जवान कैम्पस एरिया और स्थानीय बाजार सिलचर, असम के आसपास सफाई करते हुए।




74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारत–बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर मिठाइयों का आदान–प्रदान करते दोनों देश के प्रहरी।



मिजोरम और कछार सीमांत के सीमावर्ती इलाके से पकड़े गए तस्कर तथा जब्त प्रतिबंधित फेंसिडिल के साथ सीमा प्रहरी।



16 बटालियन के सीमावर्ती इलाके से जब्त प्रतिबंधित हेरोईन के साथ सीमा प्रहरी।



199 बटालियन के सीमावर्ती स्कूल में आयोजित शस्त्र प्रदर्शनी के दौरान मौजूद स्कूली बच्चे।



134 बटालियन, सीसुब और स्थानीय पुलिस की एक संयुक्त अभियान टीम के प्रयास से पकड़े गये तस्कर से जब्त 400 किलोग्राम गांजा तथा ट्रक के साथ सीमा प्रहरी।

# त्रिपुरा सीमांत



श्री सुमित शरण, महानिरीक्षक, त्रिपुरा सीमांत अगरतला, क्षेत्रिय कमांडर ब्रिगेडियर जनरल तनवीर गनी चौधरी के नेतृत्व में बीजीबी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए।



109 बटालियन द्वारा आयोजित शस्त्र प्रदर्शनी में आए स्कूली छात्रों को हथियारों की जानकारी देते बल कार्मिक।



150 बटालियन के सीमा चौकी 'आशाबाड़ी' सीमावर्ती इलाके से गांजे के पौधों को नष्ट करते सीमा प्रहरी तथा त्रिपुरा पुलिस के अधिकारी।




स्वच्छता अभियान के दौरान 122 बटालियन के बल कार्मिक सीमावर्ती इलाके में साफ सफाई करते हुए।




109 बटालियन के सीमावर्ती इलाके से जब्त 12 लाख रुपये मूल्य की साडियों के साथ सीमा प्रहरी।




69 बटालियन के सीमावर्ती इलाके से जब्त प्रतिबंधित गांजे के साथ सीमा प्रहरी।

# नक्सलरोधी सीमांत




74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण करते श्री इंद्रराज सिंह, महानिरीक्षक, छत्तीसगढ़ सीमांत।



छत्तीसगढ़ दौरे के दौरान अधिकारियों और जवानो के साथ ऑपरेशन संबंधी मुद्दों पर चर्चा करते हुए श्री अनुराग गर्ग, अपर महानिदेशक।




सीमांत मुख्यालय, छत्तीसगढ़ ने नेहरू युवा केंद्र, कांकेर के सहयोग से 14वें आदिवासी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत कांकेर जिले के सुदूर क्षेत्रों के युवाओं को कोच्चि रवाना करते बल के अधिकारी।



सिविक एक्सन प्रोगाम के तहत स्थानीय स्कूलों में खेल सामग्री का वितरण करते बल कार्मिक।




142 बटालियन द्वारा आयोजित सिविक एक्सन प्रोगाम के तहत मुफ्त चिक्त्सिा शिविर के दौरान जरूरतमंदों को दवा वितरित करते हुए बल के चिकित्सक।



142 बटालियन के द्वारा आयोजित शस्त्र प्रदर्शनी के दौरान मौजूद स्कूली बच्चे व जवान।


BSF
जीवन पर्यन्त कर्तव्य
www.bsf.gov.in
OfficialPageBSF
@BSF_India
BSF India
bsf_india
BSF_India